हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, मंगलवार, 6 मई 2025

तापमान
अधिकतम 34.3 डिग्री
न्यूनतम 19.7 डिग्री

11 एसोसिएशन ऑफ ट्रेडिशनल स्पोर्ट्स हरियाणा ...



12 पर्ची खर्ची के सिस्टम को मनोहर लाल ने किया था ...



# यूपी के युवक की संदिग्ध मौत, परिजनों ने लगाया 3 पुलिस कर्मियों पर हत्या का आरोप

## परिजनों ने हरिद्वार हाईवे पर जाम लगाया, डीएसपी ने मामले की जांच शुरू की

- विजय का शव सोमवार की सुबह यमुना नदी पर बने पुल के नीचे पड़ा मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव सनौली खुर्द यमुना पुल चौकी पर तैनात तीन पुलिस कर्मियों ने रविवार रात को कथित रूप से दो सगे भाइयों अजय व विजय निवासी कांधला, जिला शामली, उत्तर प्रदेश को टैम्पू से उतार कर पिटाई की। पुलिस ने अजय को लॉकअप में बंद कर दिया।

जबकि विजय कथित रूप से चौकी से भाग निकला। वहीं, विजय का शव सोमवार की सुबह यमुना नदी पर बने पुल के नीचे पड़ा मिला। इधर, विजय की मौत की सूचना पर मृतक के परिजन व रिश्तेदार यमुना पुल चौकी पहुंचे और आरोप लगाया कि तीन पुलिस कर्मियों ने विजय से 15 हजार रूपये की नगदी छीन ली और उसकी पीट पीट कर हत्या की। पुलिस कर्मियों ने विजय का शव यमुना नदी के पुल के नीचे फैंक दिया। वहीं, विजय के परिजनों ने तीनों पुलिस कर्मियों पर केस दर्ज व गिरफ्तारी की मांग को लेकर हरिद्वार हाईवे के बीच में बैठ कर यातायात जाम कर दिया। इधर, इस मामले की जानकारी मिलने के बाद डीएसपी नरेंद्र कादियान मौके पर पहुंची और पिरजनों को समझा कर जाम खुलवाया और विजय के शव को पोस्टमार्टम के लिए पानीपत के सिविल अस्पताल भिजवाया। दूसरी ओर, अजय व विजय पर एक लडकी से छेडछाड करने का आरोप था, दोनों को यमुना पुल पर तैनात पुलिस ने टैंपू से नीचे उतरा था। वहीं, विजय भाग गया था, जबकि अजय को पुलिस ने हिरासत में ले लिया था। पुलिस ने अजय के पिता को कांधला से चौक में बुलाया था और अजय को गलती मानने पर पिता को सौंप दिया था।



पानीपत। हरिद्वार हाईवे पर लेट कर विलाप करते मृतक विजय के परिजन।

### लड़की ने लगाया छेड़छाड़ का आरोप

सनौली खुर्द थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया कि दोनों भाइयों अजय व विजय पर एक लडकी ने छेडछाड का आरोप लगाया था। इस पर ही पुलिस कर्मियों ने दोनों को टैंपू से नीचे उतरा। विजय मौके से भाग गया था, जबकि अजय को हिरासत में लिया गया था। अजय के माफी मांगने पर उसके पिता अजब सिंह को चौकी में बुला कर उसे सौंप दिया गया था। उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह विजय का शव यमुना नदी पुल के नीचे से मिला है। उसकी मौत की जांच की जा रही है।

### दोष साबित होने पर कार्रवाई की जाएगी

विजय का शव मिला है। परिजनों ने तीन पुलिस कर्मियों पर विजय की हत्या करने का आरोप लगाया है। वहीं, ये पूरा क्षेत्र सीसीटीवी निगरानी में है। फुटेज चेक की जाएगी। अगर, पुलिसकर्मियों ने मारपीट की है, तो उनपर कार्रवाई करने में कोई संकोच नहीं किया जाएगा।
-**नरेंद्र कादियान**, डीएसपी समालखा

### टोल प्लाजा पर जांच को रुकवाया था टैंपो

अजय ने बताया कि वह और उसका भाई विजय कैटरिंग का काम करते थे। रविवार की शाम दोनों भाई कुरुक्षेत्र से कांधला अपने घर जाने को पानीपत से टैंपो में सवार हुए थे। जब उनका टैंपो तामशाबाद टोल प्लाजा पर पहुंचा तो यहां पर पुलिस ने टैंपो में सवार लोगों की जांच की। जांच के दौरा पुलिस के एक कॉन्स्टेबल ने उसे और उसके भाई के साथ मारपीट शुरू कर दी। इसी दौरान सनौली थाने के दो अन्य पुलिसकर्मी भी वहां पहुंच गए। इसके बाद तीनों ने उन दोनों के साथ बुरी तरह मारपीट की। सबके सामने पैर तक पकड़वाए। इसके बाद वे दोनों भाई टैंपो में सवार होकर कांधला के लिए रवाना हुए। वहीं तीनों पुलिस कर्मी अपने वाहन में सवार होकर यमुना पुल पर पहुंचे और यहां उनका टैंपो रूकवा लिया और दोनों भाइयों की फिर पिटाई की। इस दौरान विजय वहां से भाग निकला। जबकि अजय को तीनों पुलिस कर्मियों ने सनौली पुलिस चौकी की हवालात में बंद कर दिया और विजय की तलाश में जुट गए। अजय का आरोप है कि पुलिस कर्मियों ने उससे 15 हजार रुपये छीन लिए और उसके पिता अजब सिंह से भी रूपये लिए।

## खबर संक्षेप

### कुवि ने घोषित किए कई परीक्षाओं के परिणाम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में परीक्षा शाखा द्वारा 14 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक डॉ. अंकेश्वर प्रकाश ने बताया कि दिसम्बर 2024 में आयोजित बीएफए 5वां सेमेस्टर (पुनः परीक्षा), बीबीए तृतीय सेमेस्टर डिजिटल मार्केटिंग/एनालिटिक्स, एम.ए. (हिन्दी) प्रथम सेमेस्टर एनईपी, बी.वोक खाद्य विज्ञान एवं गुणवत्ता नियंत्रण तृतीय सेमेस्टर, बीसीए तृतीय सेमेस्टर (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) एनईपी, बीसीए तृतीय सेमेस्टर एनईपी, बी.एससी. गृह विज्ञान प्रथम सेमेस्टर (पुनः) नॉन-सीबीसीएस, एमबीए प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) एनईपी एमबीए प्रथम सेमेस्टर (सीबीसीएस) एनईपी,बीटीटीएम प्रथम सेमेस्टर कक्षाओं के परिणाम घोषित किए गए हैं।

### नाबालिग लड़की को किया अगवा

**यमुनानगर।** शहर के फरकपुर क्षेत्र में एक युवक ने शादी का झांसा देकर नाबालिग लड़की को अगवा कर लिया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ केस दर्ज पर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार फरकपुर क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी 17 वर्षीय लड़की दो मई को शाम सात बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। मगर उसके बाद वापस नहीं लौटी। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। जांच करने पर उन्हें मालूम हुआ कि उसकी लड़की को साहब नामक युवक शादी का झांसा देखकर अगवा करके ले गया है।

### छात्रों को सेज पत्रिकाओं के बारे में जागरूक

**थानेसर।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में जवाहर लाल नेहरू पुस्तकालय, द्वारा कम्प्यूटर लैब में शिक्षकों और शोधार्थियों के लिए एक राष्ट्र एक सदस्यता के साथ अनुसन्धान उत्कृष्टता बढ़ाने पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेज पब्लिशिंग के विशेषज्ञ मनोज कुमार और रेणु ने उपयोगकतार्ओं को सेज पत्रिकाओं की विस्तृत श्रृंखला के बारे में जागरूक किया। उन्होने बताया कि सेज विभिन्न विषयों में 1000 से अधिक पत्रिकाओं तक पहुंच प्रदान करता है और देश भर के सभी व्यक्तियों को पूर्णताः कवरेज प्रदान करता है।

### चार किलो गांजा पत्ती के साथ व्यक्ति गिरफ्तार

**यमुनानगर।** शहर यमुनानगर पुलिस ने सब्जी मंडी के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चार किलो 148 ग्राम गांजा पत्ती बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार शहर यमुनानगर थाने में तैनात एएसआई जगतार सिंह अपनी टीम के साथ शहर में गश्त कर रहे था। इस दौरान उन्हें सूचना मिली थी कि बिहार के गांव रामपुर निवासी उमेश कुमार जो की बाड़ी माजरा यमुनानगर में रहता है।

### पुलिस ने नशा तस्कर पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने नशा तस्करी के आरोप में हरजिंद्र उर्फ बिल्ला पुत्र कुलदीप निवासी भट्ठा कॉलोनी घरौंडा, जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। जबकि हरजिंद्र की कार चालक सोनू निवासी घरौंडा फरार हो गया। पुलिस ने हरजिंद्र की 30 किलो 840 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया वह काफी समय से नशा बेचने का अवैध काम कर रहा है। छत से गिरकर चोटिल हो गया था।



### कुवि में असिस्टेंट के पद पर पदोन्नत हुए प्रताप राम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के दो क्लर्को को असिस्टेंट के पद पर पदोन्नत किया गया। जिसमें स्थापना शाखा में कार्यरत प्रताप राम और परीक्षा शाखा-3 में कार्यरत सुरेश कुमार शामिल हैं। प्रताप राम ने बताया कि वे जनवरी 1992 में ग्रुप डी के पद पर नियुक्त हुए थे। इसके बाद 18 मार्च 2011 को क्लर्क के रूप में पदोन्नति मिली और अब असिस्टेंट के पद पर प्रमोशन हुई है। प्रताप राम ने 23 साल में अपनी मेहनत के बल पर सेवादार से असिस्टेंट तक का सफर तय किया है। प्रताप राम ने प्रमोशन के लिए केयू कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव डॉ. वीरेंद्र पाल, कुंटिया प्रधान राजवंत कौर और पूर्व सहायक कुलसचिव दविंदर सचदेवा का आभार जताया।

## दुकान से सोने की 62 ग्राम की चेन उड़ाने वाली महिलाएं काबू

**अंबाला।** अंबाला छावनी के सदर बाजार में एक ज्वेलर के पास ग्राहक बनकर आई दो महिलाओं और एक पुरुष द्वारा 62 ग्राम 520 मिलीग्राम सोने की चेन चोरी करने के मामले का पुलिस ने सुलझा दिया है। पुलिस ने इस मामले में चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 की टीम ने वारदात के बाद अंबाला कैंट के बाजारों समेत करीब 200 सीसीटीवी फुटेज खंगाल कर गिरोह का पता लगाया। टीम ने छापेमारी कर बिजनौर की महिला रोशन जहां और उसकी मां नसीमा, फैयाज अहमद, गुल्लू को गिरफ्तार किया। आरोपियों से अभी वारदात में शामिल कार व सोने की चेन भी बरामद करनी है। टीम ने जब बाजार में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले को सामने आया था कि वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों महिलाएं पैदल जाती दिखीं। पुलिस और दुकानदार को चकमा देने के लिए गाड़ी एक किमी की दूर खड़ीकी थी।

## कनाड़ा भेजने के नाम पर युवक से 16 लाख की ठगी

**अंबाला।** मिल्क गांव के कृष्ण पाल से कनाडा भेजने के नाम पर 16 लाख की ठगी हो गई। पीड़ित ने बताया कि पंचायत के फैसले में उसे 6 लाख रुपए मिल गए लेकिन आरोप है कि जब उसने बाकी पैसे मांगे तो उसे धमकाया गया और गाली-गलौज की गई। उसने एसपी को पत्र लिखकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मोहाली के रुद्राक्ष ग्रुप के राकेश रिखी, कैलाश सेठी, कनिका शर्मा, रोहित एडवाइजर, किरण ठाकुर, अमित शर्मा, हेमंत, हरविंदर सिंह पब्लिक एडवाइजर, गुरप्रीत सिंह, मनराज, इंद्रजीत, रोहित शर्मा, पीयूष तिवारी, अरुण कुमार के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### आंधी-बरसात से सॉल्वेंट की चिमनी टूटी

**तरावड़ी।** बीती रात को तेज आंधी और बरसात से कई जगहों पर भारी नुकसान हुआ। तरावड़ी के आसपास गांव में पशुओं के बाड़े की छतें उड़ गई। इसके इलावा सडक़ों के साइडों पर पेड़ उखड़ कर गिर गए। इसके इलावा तरावड़ी जीटी रोड पर स्थित ब्लू बेल एगजिम प्राइवेट लिमिटेड सॉलवेन्ट की चिमनी गिर गई। जिससे मालिक को लाखों रुपए का नुकसान हुआ। सॉल्वेंट के मलिक नंदकिशोर खुराना ने बताया कि कल रात को करीब 8 और 9:00 बजे के बीच तेज आंधी और बरसात शुरू हुई उस तेज आंधी से मिल की चिमनी गिर गई और जिस छत पर चिमनी गिरी उस की छत भी गिर गई गनीमत यह रही कि कोई कर्मचारी आसपास नहीं था जिसे जान मान का कोई नुकसान नहीं हुआ।

### छात्राओं ने किया कुवि का शैक्षणिक भ्रमण

## स्टार्टअप को शुरू करने से पहले मार्केट रिसर्च जरूरी: डॉ. शर्मा



यमुनानगर। डीएवी गर्ल्स कॉलेज की छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण के दौरान नवाचार की विभिन्न विधाओं के बारे में जानकारी देते हुए वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के तत्वावधान में सोमवार को कॉलेज प्रिसिंपल डॉ सुरिंद्र कौर के दिशा निर्देश पर 40 छात्राओं को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के टेक्नालॉजी इन्क्यूबेशन सेंटर का शैक्षणिक भ्रमण करवाया गया। जहां सेंटर की समन्वयक डॉ. अनुरेखा शर्मा ने छात्राओं को स्टार्टअपए नवाचार और उद्यमिता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान आईआईसी कनवीनर विवेक, आईपीआर को.ओडिनेटर डॉ अनीता मौदगिल, इंटर्नशिप समन्वयक निशी, आईआईसी मेंबर ममता थापर व मनिका सेठी मौजूद रही। सेंटर की समन्वयक डॉ. अनुरेखा शर्मा ने छात्राओं को नवाचार की विभिन्न विधाओं के बारे में बताया। साथ ही उद्यमिता की शुरुआत से लेकर बाजार तक के सफर की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी स्टार्टअप को शुरू करने से पहले मॉर्केट रिसर्च बेहद जरूरी है। ताकि बाजार के हिसाब से प्रोडक्ट तैयार मांग को बढ़ाया जा सकें। साथ ही उन्होंने कहा कि आम लोग की जरूरतों की पहचान कर नवाचार के जरिए सफल उद्यम शुरू किया जा सकता है। उन्होंने छात्राओं को प्रेरित करने के लिए विभिन्न स्टार्टअप की जानकारी देकर युवाओं की सफलता के बारे में बताया। साथ ही छात्राओं को प्रयास योजना के बारे में विस्तार से बताया।

## अंबाला में मंडी सचिव को धमकाने वाला फर्जी पत्रकार गिरफ्तार

- युवक काफी समय से खबर छापने के नाम पर धमकी दे रहा था

**अंबाला।** पुलिस ने एक फर्जी पत्रकार को गिरफ्तार किया है। फर्जी पत्रकार पर मोहड़ा मंडी सचिव को धमकी देने का आरोप लगा है। फिलहाल पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। अब उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा। थाना पड़ाव के एसएचओ धर्मवीर ने बताया कि युवक के खिलाफ मोहड़ा मंडी के सेक्रेटरी ने शिकायत दी थी कि आरोपी उन्हें खबर छापने की धमकी दे रहा है। इसके बाद पुलिस ने मोबाइल नंबर की जांच की और युवक को गिरफ्तार कर लिया। युवक की पहचान दीपक शर्मा के तौर पर हुई जोकि डेराबस्सी का रहने वाला बताया जा रहा है। मंडी सेक्रेटरी ने अपनी शिकायत में कहा था कि एक युवक जो खुद को पत्रकार बताता है वह उसे काफी समय से धमकी दे रहा था। युवक मंडी सेक्रेटरी से कहता था कि अगर मेरे अनुसार नहीं चलोगे तो मैं तुम्हारे खिलाफ खबर छाप दूंगा। इस मामले में शिकायत दर्ज कराई थी।

## ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से बाइकर्स की मौत

- पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ किया केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव भगवानपुर के पास बीती रात ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर लगने से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार गांव खारवन निवासी प्रवीण कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मेहनत मजदूरी करता है। गांव का ही जसप्रीत उर्फ बग्गा उसका दोस्त है। वह शाम को अपने दोस्त जसप्रीत उर्फ बग्गा के साथ बाइक पर किसी काम से गांव भगवानपुर गए थे। रात को नौ बजे जब वह काम खत्म करके वापस लौट रहे थे तो गांव भगवानपुर से थोड़ा आगे कृष्णा प्लाई बोर्ड व बालाजी प्लाइवुड के पास तेज गति से आ रहे ट्रैक्टर ट्राली ने उनको जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह दोनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उसकी टांगए बाजू व छाती में चोट लगी जबकि उसके दोस्त जसप्रीत सिंह का सिर सड़क पर लगने से फट गया। जिससे अधिक खून बहने लगा।

हादसे के बाद वहां पर लोगों की भीड़ लग गई। इस दौरान आरोपी ट्रैक्टर ट्राली चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भागने में कामयाब हो गया। लोगों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने उसके दोस्त जसप्रीत सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि उसका इलाज अस्पताल में चल रहा है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने अज्ञात ट्रैक्टर ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।



### शिक्षाविद दीनानाथ बत्रा की स्मृति में जरूरतमंद छात्रों को मिलेगी नि:शुल्क शिक्षा

**कुरुक्षेत्र।** विद्या भारती उत्तर क्षेत्र द्वारा शिक्षाविद स्वर्गीय दीनानाथ बत्रा की स्मृति में छात्रवृत्ति योजना का शुभारंभ किया गया। विद्या भारती उत्तर क्षेत्र के संगठन मंत्री विजय नड्डा ने बताया कि विद्या भारती मेधावी व जरूरतमंद विद्यार्थियों को भविष्य में आगे बढने के लिए निशुल्क आवासीय शिक्षा देगी। जम्मू कश्मीर, पंजाब, हिमाचल, हरियाणा व दिल्ली के विद्यालयों में इन विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा व उनकी विद्यालय स्तर व उच्च स्तर की शिक्षा का सारा वहन विद्या भारती द्वारा ही किया जाऐगा। यह सम्पूर्ण कार्य पूर्व छात्र परिषद के स्वयंसेवकों के सहयोग से किया जाना है। इस योजना के पोस्टर का विमोचन श्रीमद्भगवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में किया गया। डॉ पंकज शर्मा , राष्ट्रीय संयोजक, पूर्व छात्र परिषद ने कार्यक्रम की भूमिका रखी। स्वर्गीय दीनानाथ के पुत्र अनिल बत्रा ने दीनानाथ के सामाजिक जीवन के बारे व शिक्षा के क्षेत्र में उनके द्वारा किऐ गये अनुकरणीय कार्यों के विषय में सभी पूर्व छात्रों को अवगत कराया। इस अवसर पर बाल किशन, सुरेन्द्र अत्रि, सम्पूर्ण सिंह, महामंत्री हरियाणा प्रांत, संजय चौधरी, क्षेत्रिय संयोजक, अशोक रोशा, दिनेश बत्रा, श्याम मित्तल, रोशन लाल सैनी, विधु सिंगला, विरेंद्र वालिया, अनिल मदान, राजकुमार राणा, सतीश सैनी, शौरभ त्रिखा आदि अनेक पूर्व छात्र उपस्थित रहें।

**कार्यक्रम** पुलिस अकादमी में लोक अभियोजकों के लिए नये आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण शुरू

## ज्ञान को जितना आपसे में बांटेगे यह उतना ही आगे प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाएगा

*भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ*

हरिभूमि न्यूज करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'तीन नये अपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आरंभ हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियोजन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित किया जा रहा है। इस अवसर पर डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी के निर्देश पर अकादमी के जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 26 लोक अभियोजक भाग ले रहे हैं। अकादमी के निदेशक कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से रूबरू हुए तथा प्रतिभागियों ने उनके साथ समूह चित्र भी करवाया। अकादमी के जिला न्यायवादी डॉ सोहन सिंह ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कार्यक्रम संयोजक की भूमिका निभाई। लोक अभियोजन अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि वैसे तो आप सभी कानून के ज्ञाता हैं लेकिन इस प्रशिक्षण के माध्यम से नए आपराधिक कानूनों पर कुछ नया सीखने को मिलेगा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आपको एक ऐसा मंच प्रदान करेगा जिसके माध्यम से आप अपने अनुभवों को अपने साथियों के साझा कर सकेंगे। क्योंकि ज्ञान को जितना आपसे में बांटेगे यह उताना ही आगे प्रचार-प्रसार में अहम भूमिका निभाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम के आरंभिक सत्र में अतिथि वक्ता डॉ दीपा सिंह, एडवोकेट पंजाब एण्ड हरियाणा हाई कोर्ट, चंडीगढ़ ने प्रतिभगियों को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा पुलिस अकादमी में पहले भी इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इनके माध्यम से प्रतिभागियों को कुछ नया सीखने का अवसर मिलता ही है साथ ही अतिथि वक्ताओं को भी कुछ नए पहलुओं के बारे जानकारी मिलती है।

अकादमी का परिवेश स्वास्थ्य के लिए बहुत लाभकारी है, मुझे आशा है कि स्वास्थ्य संबंधी इस अवसर का आप लाभ अवश्य उठाएंगे। इस क्रम में उन्होंने प्रतिभागियों को भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 विषय पर कानूनों के विभिन्न पहलुओं पर गहनता से जानकारी दी। उन्होंने प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन के लिए अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला तथा अभियोजन विभाग हरियाणा का आभार व्यक्त किया।




करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागियों का अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के साथ समूह चित्र। फोटो : हरिभूमि

## खबर संक्षेप

### असाइनमेंट जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ाई

**करनाल।** इग्नू क्षेत्रीय केंद्र करनाल के क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्म पाल ने बताया की जून-2025 टीईई के लिए ओडीएल और ऑनलाइन कार्यक्रमके लिए असाइनमेंट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फील्ड वर्क जर्नल, प्रैक्टिकम, शोध प्रबंध और इंटर्नशिप रिपोर्ट जमा करने की अंतिम तिथि को 30 अप्रैल से बढ़ाकर 31 मई 2025 कर दिया है विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि असाइनमेंट केवल अपने अध्ययन केंद्र पर रविवार के दिन ही जमा करवाएं। प्रोजेक्ट रिपोर्ट, फील्ड वर्क जर्नल, प्रैक्टिकल, शोध प्रबंध और इंटर्नशिप रिपोर्ट यूनिवर्सिटी द्वारा जारी निर्देशों का पालन करते हुए, तैयार करके निर्देशिका में दी गयी जानकारी के अनुसार ही जमा करवाएं।



### गायत्री चेतना केंद्र की स्थापना पर किया हवन


**करनाल।** बसंत विहार में गायत्री परिवार की ओर से गायत्री चेतना केंद्र की स्थापना की गई है। केंद्र का प्राण प्रतिष्ठा समारोह पांच दिन तक चला, जिसमें गायत्री माता की भव्य मूर्ती स्थापित की गई है। पहले दिन सामुहिक जाप हुआ। इसके बाद कलश यात्रा निकाली गई। रोजाना 24 कुंडीय हवन यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें गायत्री परिवार के सदस्यों और स्थानीय लोगों ने आहूतियां डाली। सोमवार को पूर्णाहूति अवसर पर मेयर रेणु बाला गुप्ता ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। संपूर्ण कार्यक्रम गायत्री परिवार करनाल इकाई के प्रधान संदीप गौतम की देखरेख में हुआ। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन भी मनाया गया। गायत्री माता से उनकी दीर्घायु की कामना की गई। मेयर रेणु बाला गुप्ता ने गायत्री परिवार के कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि करनाल में धार्मिक प्रवृति के लोग रहते हैं। धार्मिक संस्थानों की स्थापना होने से समाज में सकारात्मक उर्जा का संचार होता है। गायत्री परिवार करनाल इकाई के प्रधान संदीप गौतम ने जानकारी देते हुए बताया कि हर रविवार को सुबह गायत्री चेतना केंद्र में हवन यज्ञ किया जाएगा। इसके साथ ही गायत्री परिवार की गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन समय-समय पर इसी केंद्र में किया जाएगा।

# नीलोखेड़ी में किसके इशारे पर हो रहा आवासीय क्षेत्र में कमर्शियल निर्माण!

## अफसर ,जन प्रतिनिधियों और बिल्डर्स ने मिलाए हाथ, बड़े अफसरों को शिकायत भेजी

- नगर पालिका की आय के स्त्रोत पर पलीता लगाया अफसरों ने

हरिभूमि न्यूज ⏩ करनाल



पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की बेटी के रूप में विकसित नीलोखेड़ी इन दिनों राजनेताओं अफसरों और बिल्डर्स के काकस में फंसी हुई हैं। यहां पर आवासीय क्षेत्र में कमर्शियल निर्माण धड़ल्ले से हो रहे हैं। नीलोखेड़ी में बिना नक्शों के दुकानों का निर्माण किया जा रहा है। नगर पालिका के अफसरों के कारण नगर पालिका का कोष खाली हो रहा है। जो धनराशि टैक्स और नक्शों की मंजूरी से मिलती हैं। वह अब नहीं मिल रही हैं। नीलोखेड़ी में नगरपालिका के अफसर नपा का कोष भरने की वजाए अपनी जेब भर रहे हैं।

नीलोखेड़ी में कारसा रोड, एचडीएफसी बैंक पास तहसील रोड पर डाकखाने के पास टेलीफोन एक्सचैंज के पास, इंडस्ट्रीयल एरिया, नील नगर, किसान बस्ती ग्रीन बेली स्कूल के पीछे सहित तमाम क्षेत्रों में अवैध दुकान और मकानों का निर्माण किया जा रहा हैं। नगरपालिका क्षेत्र के अंतर्गत बिना नक्शे पास करवाए अवैध रूप से बड़े-बड़े शोरूम एवं दुकानों का निर्माण धड़ल्ले से करवाया जा रहा है। नगरपालिका क्षेत्र में बिना अनुमति के अवैध निर्माण हो रहे हैं। बिना नक्शा पास कराए ही शहर में रोजाना दर्जनों निर्माण हो रहे हैं। इनमें मकान भी शामिल हैं और दुकान भी। नियमों की दर किनार कर शहर में न केवल कई मंजिला भवन बन रहे हैं, बल्कि बेसमेंट तक बनाए जा रहे हैं। नगरपालिका प्रशासन हालांकि नोटिस देकर अपनी ड्यूटी से बच रहा है, बावजूद इसके न तो लोग अवैध निर्माण करने से रुक रहे हैं और न ही नक्शे पास करा रहे हैं। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि नक्शा पास कराने के लिए आवेदन करने वालों की संख्या बहुत कम है।

### बन चुकी हैं कई दुकानें

खास बात यह है कि नगरपालिका प्रशासन को जानकारी देने के बावजूद भी अवैध निर्माण के चलते रोक नहीं लगाई गई और अधिकारियों की मिलीभगत से बड़े-बड़े शोरूम और दर्जनों दुकानों तक का निर्माण हो गया। इस मामले में शिकायतकत्र्ता ने शिकायत ने चंडीगढ़ में लोकल बाडीज के डायरेक्टर को भेजी है। इसमें अधिकारियों पर मिलीभगत के भी आरोप लगाए। रोजाना नगरपालिका क्षेत्र में व्यावसायिक भवन भी बन रहे हैं, लेकिन लोग इसके लिए न तो नक्शा फीस दे रहे हैं और न ही नगरपालिका को इसकी सूचना दे रहे हैं। जब नगरपालिका प्रशासन को इसकी जानकारी मिलती है तब तक पूरा भवन और दुकान बन चुकी होती है। नगरपालिका प्रशासन के ही सूत्र बताते हैं कि बिना किसी नियम की परवाह किए हुए लोग अवैध तरीके से दुकानें व भवन तैयार कर रहे हैं। बिना नक्शा पास कराए दुकानों का निर्माण करना नियमों का उल्लंघन है। शहर के लोगों का मानना है कि इसके खिलाफ बड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

नगरपालिका को बिना नक्शा पास करवाए निर्माण करने पर नोटिस जारी करने के बाद यदि आवश्यकता पड़े तो एफआईआर भी दर्ज करवानी चाहिए।

### नक्शा पास कराना जरूरीः नपा सचिव

नगर पालिका सचिव अजीत कुमार ने बताया कि नक्शा पास कराना जरूरी है। कोई भी निर्माण करने के लिए नगरपालिका की अनुमति जरूरी है, साथ ही इसके लिए नक्शा पास कराना जरूरी है। बिना नक्शा पास कराए निर्माण करना गैर कानूनी है और यह नियमों का उल्लंघन है। जिन लोगों ने नीलोखेड़ी में अवैध तरीके से निर्माण किए हैं, उन्हें नोटिस जारी किए गए हैं और आगे भी उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जहां से भी शिकायत मिलती है, वहां पर कार्रवाई के लिए स्टाफ को भेजा जाता है। उन्होंने बताया कि अवैध निर्माणों का निरीक्षण कर कार्रवाई की जाएगी।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने जागरूकता शिविर आयोजित किया



- राजकीय महाविद्यालय तरावड़ी मे जागरूकता शिविर का आयोजन
- सीजेएम ने ईव टीजिंग का अर्थ समझाया और इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया।

हरिभूमि न्यूज ⏩ करनाल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा कैम्पेन रिस्पैक्ट हर डिगनिटी के अंतर्गत सोमवार को राजकीय महाविद्यालय, तरावड़ी मे जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन राजकीय महाविद्यालय, तरावड़ी पंहुची जहां पहुचने पर प्राधानाचार्य चमन लाल ने उनका स्वागत किया।

इस मौके पर सीजेएम ने उपस्थित अध्यापको व विद्यार्थियों को कैम्पेन रिस्पैक्ट हर डिगनिटी की जानकारी देते हुए ईव टिजिंग का अर्थ समझाया और इस बुराई से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होने उपस्थित अध्यापको व विद्यार्थियों को कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न संबंधी विषय पर जानकारी दी और अधिनियम के अंतर्गत गठित स्थानीय कमेटी व आंतरिक कमेटी बारे में विस्तार से बताया।

### झूठी शिकायत पर हो सकती है सजा

उन्होंने यह भी बताया कि किसी भी प्रकार की शिकायत होने अधिनियम के अंतर्गत गठित स्थानीय कमेटी व आंतरिक कमेटी मे शिकायत की जा सकती है। इसके अलावा उन्होने झूठी शिकायत करने पर सजा के प्रावधान बारे भी जानकारी दी और उपस्थित अध्यापको व विद्यार्थियों को अधिनियम का दुरूपयोग न करने हेतु प्रेरित किया। इस मौके पर स्कूल का स्टाफ सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थें। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों ने अहम भूमिका निभाई।

# जिला प्रशासन की पहलः फीडबैक के जरिये जानेंगे जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏩ करनाल



- घर-घर कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों के जरिये पहुंचाया जाएगा फार्म

शहरवासियों की समस्याओं को जानने और उनका समाधान करने के लिए जिला प्रशासन ने नई पहल की है। इसके तहत घर-घर कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों के जरिये लोगों तक फीडबैक फॉर्म पहुंचाया जाएगा। इस फार्म में 5 व्यक्तिगत और 5 वार्ड अथवा शहर को प्रभावित करने वाली समस्याएं दर्ज करनी होंगी। दो दिन बाद फार्म वापस लेकर समस्याओं को सूचीबद्ध किया जाएगा। इसके बाद प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि जिला प्रशासन ने एक नागरिक प्रतिक्रिया फार्म तैयार किया है। इसे कूड़ा एकत्र करने वाले वाहनों के जरिये घर-घर तक पहुंचाया जाएगा और इन्हीं के माध्यम से दो दिन बाद इस फार्म को वापस लिया जाएगा। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस फार्म में व्यक्तिगत और सामूहिक पांच-पांच उन समस्याओं का उल्लेख किया जाए जिनका संबंध नगर निगम, जिला प्रशासन अथवा सरकार से है। मसलन फीडबैक फार्म में शहर में यातायात की समस्या दर्ज करने की बजाय कहां से कहां (क्षेत्र का नाम) तक ट्रैफिक समस्या है, इसका उल्लेख करें। साथ ही समस्या के समाधान के लिए सुझाव भी लिखें।

# संयुक्त कर्मचारी यूनियन ने दिया हड़ताल का अल्टीमेटम

- कर्मचारियों ने दिया मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏩ करनाल



नगर निगम सोनीपत के वाटर पंप ऑपरेटर की लंबित और गंभीर समस्याओं को लेकर हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच मुख्यालय सोनीपत के बैनर तले निगम के वाटर पंप ऑपरेटर की हड़ताल का अल्टीमेटम प्रशासन को दिया है। कर्मचारियों ने डीसी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन दिया। उसे बाद कर्मचारियों ने तहसीलदार अभिनव को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया ।

ज्ञापन के माध्यम से कर्मचारियों ने तुरंत प्रभाव से मान्य कमिश्नर नगर निगम तथा सप्लाई के ठेकेदा सोनीपत को आदेश जारी कर लंबित मांगों का उचित समाधान कराने मांग की। जिन मांगों को लेकर धना दिया उसकी जानमारी देते हुए आर के नागर ,संदीप दहिया व श्री प्रदीप मेहरा तथा श्री संदीप धनखड ने बताया कि मार्च और अप्रैल 25 का 2 महीने का वेतन एक मुस्त तुरंत भुगतान किया जाए। अधूरा वेतन नहीं लेंगे। 21 जून 2023 से 30 जून 23 तक 18दिन का रोका गया वेतन तुरंत भुगतान किया जाए। जो लगभग 13 लाख से ज्यादा बनता है 22 अप्रैल से अब तक की हाजिरी कोई ठेकेदार नहीं लग रहा है। इस समय की हाजरिया लगवाई जाए और कौन वेतन देगा यह तय किया जाए। लंबे समय से लगातार सेवारत श्री सोनू शर्मा वगैरा हटाए गए 4-5 वाटर पंप ऑपरेटर को तुरंत ड्यूटी पर लगाया जाए। नगर निगम सोनीपत के सभी वाटर पंप ऑपरेटर को तथा अन्य सभी कच्चे कर्मचारियों को हरियाणा कौशल रोजगार निगम में तुरंत प्रभाव से समायोजित किया जाए। इसकी फाइल 2022 से चल रही है ।परंतु बार-बार अधिकारियों द्वारा फाइल को बंद कर दिया जाता है। जब तक उपरोक्त सभी मांगे तुरंत प्रभाव से नहीं मानी जाती अथवा लिखित में आश्वासन नहीं दिया जाता तब तक हड़ताल और धरना जारी रहेगा।हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच मुख्यालय सोनीपत और इससे संबंधित यूनियनों के प्रदेश महासचिव,आर.के. नागर, राज्य कोषाध्यक्ष महावीर नागर, राज्य प्रेस सचिव टीनू मदान, मंच की जिला प्रधान मीना सैनी ने वाटर पंप ऑपरेटर की हड़ताल और मांगों का समर्थन किया है। और जब तक सभी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक समर्थन और सहयोग जारी रखने की घोषणा की है। कर्मचारी नेताओं और वाटर पंप ऑपरेटरों ने बताया कि कि, 05मई 25 की हड़ताल करने और धरने प्रदर्शन का नोटिस देने पर निगम के ठेका सफाई कर्मचारि एकता मंच के नेताओं ने सर्वसम्मत फैसले पर हस्ताक्षर करने के बाद उनका 2 महीने का रोका गया वेतन पास करने के बाद आज धरने प्रदर्शन और हड़ताल से पीछे हटाने और हड़ताल न करके वाटर पंप ऑपरेटरों तथा मंच को धोखा दिया है। इसलिए मंच ने आज फैसला लिया है कि, आज के बाद ठेका सफाई कर्मचारी एकता मंच के धरने परदर्शन का हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच कोई समर्थन नहीं करेगा। आज की हड़ताल और धरने में निगम के सैकड़ो कर्मचारियों ने बढ़ चढक़र भाग लिया। हुडा यूनियन नंबर 1266 तथा मिड डे मील वगैरा अन्य कच्चे कर्मचारियों ने हड़ताल और धरने का पूरा समर्थन किया है।

## रक्तदान समाज में एकजुटता और मानवता की भावना को करता है सुदृढ़ : भगवान दास



**तरावड़ी** । रक्तदाताओं को बैच लगाते विधायक भगवानदास कबीरपंथी । फोटो : हरिभूमि

**तरावड़ी।** नीलोखेड़ी के विधायक भगवानदास कबीरपंथी ने कहा कि रक्तदान महादान है। यह न केवल किसी जरूरतमंद के जीवन को बचाता है बल्कि समाज में एकजुटता और मानवता की भावना को भी सुदृढ़ करता है। विधायक भगवानदास कबीरपंथी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर नीलोखेड़ी की पंजाबी धर्मशाला में आयोजित रक्तदान शिविर में आए रक्तदाताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन की हार्दिक बधाई दी और उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना की। उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल एक लोकप्रिय और कर्मठ नेता हैं, जिन्होंने सदैव जनता के हितों को सर्वोपरि रखा है। उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में अनेक महत्वपूर्ण योजनाओं और परियोजनाओं को सफलतापूर्वक क्रियान्वित किया है, जिनका सीधा लाभ आम नागरिकों को मिला है। अपने महत्वपूर्ण कार्यों के माध्यम से, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने समाज के सभी वर्गों के जीवन स्तर को ऊपर उठाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी संवेदनशीलता, कार्यकुशलता और जनता के प्रति अटूट समर्पण प्रेरणादायक है। हमें विश्वास है कि वे भविष्य में भी इसी उत्साह और निष्ठा के साथ जनसेवा करते रहेंगे और देश व प्रदेश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देते रहेंगे।

## रक्तदान से जरूरतमंद को मिलता है नया जीवन : रामकुमार कश्यप



**इंद्री** । रक्तदान शिविर मे रक्तदाताओं को प्रशंसा पत्र देते विधायक रामकुमार कश्यप । फोटो : हरिभूमि

**इंद्री।** केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय इंद्री के सभागार में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस रक्तदान शिविर में विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की तथा सभी को केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन की शुभकामनाएं दी । उन्होने रक्तदान कर रहे युवाओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान करने से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिलता है, यह एक मानवता की उत्तम मिसाल भी है, हमारे देश का युवा रक्तदान करने में हमेशा अपना योगदान देते रहे हैं। विधायक ने कहा कि केंद्रीय मंत्री ने मुख्यमंत्री रहते हुए व्यवस्था परिवर्तन कर प्रदेश के समावेशी विकास की जो परिकल्पना की थी, आज उसके बेहतर परिणाम सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि उनके कार्यकाल में बनी व्यवस्था परिवर्तन, सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास, व पारदर्शी प्रशासन और अंत्योदय उत्थान का साक्षी रहा है। आज हरियाणा के विकास की दशा व दिशा पूरी तरह बदल गई है। इस मौके पर खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुरमलक सिंह सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बुजुर्ग पूजन के साथ मनाया पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन, लगाया लंगर



**करनाल।** साढ़े 9 साल बतौर मुख्यमंत्री सुशासन और पारदर्शिता की मिसाल पेश करने वाले मनोहर लाल का जन्म दिवस सेवा कार्यों के रूप में मनाया गया। शहर के निर्मल धाम वृद्ध आश्रम में उनके जन्मदिवस को बुजुर्ग पूजन के रूप में मनाया गया। हवन यज्ञ के साथ आयोजन की शुरुआत की गई स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र के साथ भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर, मेयर रेनू बाला गुप्ता और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के सांसद प्रतिनिधि कविंद्र राणा ने निर्मल धाम स्थित वृद्ध आश्रम रह रहे बुजुर्गों का फूल माला पहनाकर और पुष्प वर्षा कर उनका आशीर्वाद लिया। उसके बाद बुजुर्गों को लंगर प्रसाद खिलाया। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने कहा कि हमारे लोकप्रिय नेता और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिवस को सेवा कार्यों के रूप में मनाया जा रहा है। स्वच्छ भारत मिशन हरियाणा के कार्यकारी वाईस चेयरमैन सुभाष चंद्र ने कहा कि हरियाणा की राजनीति को एक नया मुकाम देने वाले और राजनीति के संत के रूप में विख्यात केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री मनोहर लाल के जन्म दिवस पर करनाल में अनेक सेवा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इस अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन से पवन शर्मा, भाजपा नेता सुनील गुप्ता, अशोक कुरलन, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष राजेश सैनी, निर्मल धाम के प्रबन्धक राजेश गुप्ता, डॉ आरपी सैनी, पार्षद सुधीर यादव आदि मौजूद रहे।

## रक्तदान करने से शरीर में नई ऊर्जा का होता है संचार : जगमोहन आनंद



**करनाल।** विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि रक्तदान महादान है, रक्तदान करने से व्यक्ति के शरीर में एक नई ऊर्जा का संचार होता है तथा स्वास्थ्य भी ठीक रहता है, इसलिए हमें समय-समय पर रक्तदान करना चाहिए। हमारे द्वारा दिया गया रक्त किसी जरूरतमंद व्यक्ति के काम आए इससे बड़ी कोई बात नहीं हो सकती है। विधायक जगमोहन आनंद सोमवार को स्थानीय कुंजपुरा रोड पर स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर के प्रांगण में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि यह रक्तदान शिविर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को समर्पित है। इस मौके पर करनाल नगर निगम की मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर आयोजित इस रक्तदान शिविर में एकत्रित किए गए रक्त की एक-एक बूंद पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए लोगों को समर्पित है। इस अवसर पर भाजपा के जिलाध्यक्ष प्रवीन लाठर ने रक्तदान करने उपरांत कहा कि हम सबको रक्तदान करना चाहिए, उन्होंने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन की सभी को बधाई दी। इस अवसर पर भाजपा के युवा जिलाध्यक्ष तथा इस रक्तदान शिविर के संयोजक शुभम गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर सभी ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया है।

# हरियाणा के पानी को लेकर इनेलो ने किया रोष प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏩ करनाल



करनाल में इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) कार्यकर्ताओं ने सडक़ों पर उतरकर पंजाब सरकार के खिलाफ रोष प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पंजाब ने हरियाणा के हक का पानी बंद कर दिया है, जिससे किसान, कमेरा वर्ग और महिलाएं पानी के लिए तरस रहे हैं। इनेलो की महिला नेता सुनैना चौटाला की अगुआई में कार्यकर्ता डीसी कार्यालय पहुंचे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा।

सुनैना चौटाला ने कहा कि हरियाणा के लोग पानी की एक-एक बूंद को तरस रहे हैं, लेकिन पड़ोसी राज्य पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान इस मुद्दे को गंभीरता से लेने की बजाय मंच पर हंस-हंस कर कह रहे हैं कि वे एक बूंद पानी नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि हम उनका नहीं, बल्कि हरियाणा के हिस्से का पानी मांग रहे हैं, जो सुप्रीम कोर्ट भी तय कर चुका है। इस प्रदर्शन में शामिल लोगों के लिए गर्मी के चलते व्यापार सेल की तरफ से पानी की छबील भी लगाई गई।कॉमेडी नहीं, इंसानियत दिखाएं पंजाब के सीएमइनेलो नेता सुनैना चौटाला ने आरोप लगाया कि पंजाब के मुख्यमंत्री ने राजनीतिक मंच को कॉमेडी मंच बना दिया है।

## बसताड़ा में हवन कर मनाया पूर्व सीएम मनोहर लाल का जन्मदिन

**घरौंडा।** हरियाणा की राजनीति के शिखर पुरुष पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी आवास मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर बसताड़ा गांव में सोमवार को मधुबन मण्डल के कार्यकर्ताओं ने हवन यज्ञ कर मनाया जन्मदिन । इस कार्यक्रम कार्यकर्ताओ ने बताया कि भारतीय राजनीति के संत पुरुष और हरियाणा की राजनीति में नए युग का सूत्रपात करने वाले केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने हरियाणा ही नहीं बल्कि देश की राजनीति में एक अमिट छाप छोड़ी है। जनता की सेवा, सुरक्षा और कल्याण के लिए उन्होंने दिन-रात एक कर दूसरों के सामने राजनीति में सेवा का उत्तम उदाहरण पेश किया है। उन्होंने साबित कर दिया है कि ईमानदारी और नैतिकता के साथ भी राजनीति की जा सकती है। अटल और दृढ़ निश्चयी मनोहर लाल वास्तव में हरियाणा की राजनीति के लोह पुरुष हैं जिन्होंने भ्रष्टाचार, बेईमानी और गुंडागर्दी के सामने कभी घुटने नहीं टेके। राजनीति में ऐसे संत रूपी नेता बहुत कम देखने को मिलते हैं। कार्यक्रम में देवेंद्र शर्मा, सुभाष कश्यप,संदीप लोहट, सतबीर गोस्वामी, अजय राणा, सुनील मोर, अशोक पांचाल, रणबीर कश्यप, श्यामलाल शर्मा, पवन शर्मा, बलिंदर शर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

## 19 वां विशाल मां भगवती जागरण हुआ आयोजित

# जागरण में भजनों पर जमकर नाचे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏩ निगदू



श्री शनि धाम मन्दिर के प्रागंण में मन्दिर कमेटी द्वारा जनकल्याण हेतु 19 वां विशाल मां भगवती जागरण हुआ। पंडित हरिओम शर्मा ने मुख्य यजमान रणबीर राणा व देवी सिंह राणा निगदू द्वारा विधिविधान से जागरण की पूजा करवाई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री डॉ. अरविन्द शर्मा के रूप में उनके ओएसडी प्रतिनिधि स्वरूप पहुंचे तो वहीं अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में तरूण बंसल निदेशक ओम प्रकाश सराफ एंड सन्स करनाल,महिन्द्र मैहला समाजसेवी दिल्ली-माजरा रोडान,कर्म सिंह जाम्बा चेयरमैन बोहला गोशाला ,बलदेव राज छाबडा उधोगपति निगदू व निगदू भाजपा मंडलध्यक्ष चौ.राजपाल नम्बरदार रहे। स्वामी कृष्णानंदपुरी संचालक गोशाला की गरिमामयी उपस्थिति में सरपंच निगदू अर्शदीप सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। श्रीशनि धाम मन्दिर कमेटी के प्रधान डॉ. कप्तान गुप्ता ने जागरण में पहुँचने पर सभी अतिथियों का तहे दिल से अभिनंदन किया।हरियाणी कलाकार पद्मश्री महावीर गुड्डु ने माँ के भजनों के माध्यम से हरियाणा की संस्कृत को याद दिलाया। हिन्दी व पंजाबी कलाकार लखबीर सिंह, सुशील ठाकुर, विशि अरोड़ा व रजनी सरगम ने माँ भगवती का गुणगान कर श्रद्धालुओं को नाचने पर विवश कर दिया। इसके साथ अन्य कलाकारों ने भी जागरण में माता का गुणगान कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया। भक्तों के लिए लंगर भी लगाया गया। जागरण दौरान आए सभी अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में राधा-कृष्ण,हनुमान व भगवान शिव की झांकी ने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया।

## पूर्व सीएम ने शिवाजी स्टेडियम में सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ

# पौधारोपण व रक्तदान कर मनाया केन्द्रीय मंत्री मनोहर का जन्मदिन

आठ मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो के मुकाबले होंगे, विजेताओं को मिलेंगे पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन पौधरोपण व रक्तदान कर मनाया गया। सैनी कॉलोनी के मनोहर पार्क में सुबह जे भाजपा वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने पौधरोपण किया। हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने की। मंत्री ढांडा ने कहा कि केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनके जन्मदिन पर पौधरोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में बेहतरीन प्रयास है। उन्होंने पौधरोपण कार्यक्रम में मौजूद सभी कार्यकर्ताओं को हर विशेष अवसर पर पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियां समाज में धीरे-धीरे ही सही लेकिन सकरात्मक बदलाव की प्रतीक बनती हैं । पौधरोपण में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने भी पौधे लगाए । इसके बाद शहर के आर्य पीजी कॉलेज परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, भाजपा युवा और महिला मोर्चा सहित विभिन्न सभी वरिष्ठ नेताओं ने भी उत्साह के साथ रक्तदान किया । इस अवसर पर नगर निगम मेयर कोमल सैनी, पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज और जिला उपायुक्त वीरेंद्र दहिया ने सभी रक्तदाताओं के उत्साह की प्रशंसा की । वहीं कैंप में 196 नागरिकों ने रक्तदान किया।


पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर रक्तदान करते हुए नवीन भाटिया। फोटो : हरिभूमि


पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को जन्मदिन पर फूल भेंट करते हुए विधायकगण, पूर्व सांसद आदि। फोटो : हरिभूमि

### खेलों का शुभारंभ किया

पानीपत शहर के शिवाजी स्टेडियम में शाम को केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने चार दिवसीय सांसद खेल प्रतियोगिता का शुभारम्भ किया। आठ मई तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में कबड्डी और खो-खो के मुकाबले होंगे जिनमें विजेताओं को कुल चार लाख रुपये तक की राशि के ईनाम दिए जाएंगे। पुरस्कार वितरण समारोह करनाल में आयोजित होगा। सभी कार्यक्रमों में पूर्व सांसद संजय भाटिया, केन्द्रीय मंत्री के प्रतिनिधि गजेन्द्र सलूजा, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, रोशन लाल माहला, मेयर कोमल सैनी, भाजपा पार्षद, भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा नेता भी मौजूद रहे ।


पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन पर भजन गाते हुए भाजपाई। फोटो : हरिभूमि

# संत जैसा जीवन जी रहे हैं केंद्रीय मंत्री मनोहर लालः पंडित दाऊ

**समालखा।** केबिनेट मंत्री मनोहर लाल का जीवन हम सबके लिए प्रेरणा पुंज हैं। मनोहर लाल ने राजनीती में रह कर भी एक संत का जीवन व्यतीत कर रहे हैं। ये शब्द प्रदेश महामंत्री डॉ अर्चना गुप्ता ने अवध धाम मंदिर में यज्ञ करने उपरांत जन समूह को सम्बोधित करते हुए कहे। डॉ अर्चना गुप्ता ने कहा की मनोहर लाल ने हरियाणा में परिवार वाद, क्षेत्र वाद तथा जातिवाद जैसी कुरीतिओं को समाप्त करने का काम कर एक हरियाणा एक हरयाणावी एक की नजीर बनाई।बिना खर्ची पर्ची के नौकरी देकर मनोहर लाल भ्रष्टाचार पर लगाम कसी। वहीं, पंडित दाऊ जी महाराज ने वेद मंत्रों द्वारा आहुति दिलवाई तथा मनोहर लाल के स्वरूथ्य एवं लम्बी आयु होने की प्रार्थना की। साथ ही पंडित राधे राधे ने मंत्र उच्चारण के साथ हवन किया। हवन में पंडित वेद पराशर, पार्षद अंजना गुर्जर, प्रीतम गुर्जर, बबीता, भावना आदि रहे।

# जीटी रोड की ग्रीन बेल्ट पर अवैध कब्जे

पानीपत। हुडा सेक्टर-6 जीटी रोड स्थित एचएसवीपी की ग्रीन बेल्ट की जमीन पर कोर्ट के स्टेटस के बावजूद गैरकानूनी अवैध निर्माण कार्य एचएसवीपी के अधिकारियों की मिली भगत से जारी है। यह आरोप जोगेंद्र स्वामी पूर्व जिला पर्षद ने मुख्य प्रशासक एचएसवीपी ,प्रशासक एचएसवीपी रोहतक और उपायुक्त पानीपत को भेजी शिकायत के बाद प्रेस को जारी विज्ञप्ति में लगाए। उन्होंने कहा कि एचएसवीपी की ग्रीन बेल्ट ,सरकारी स्कूल और सडक़ के लिए छोड़ी गई जमीन पर भूमि अर्जन अधिकारी रोहतक, तहसील कार्यालय पानीपत और हुडा विभाग के अधिकारियों ने मिली भगत करके सैकड़ो करोड़ की एचएसबीपी की जमीन में फर्जीवाड़ा कर गलत तरीके से मालिकाना हक जारी कर दिया गया।

## खबर संक्षेप

### किराये के घर से गहने चोरी, दी शिकायत

**पानीपत।** पानीपत की कुटानी रोड क्षेत्र के दलबीर नगर में किराये के घर में निवास कर रहे इदरीस मूल निवासी गांव मोहम्मदपुर जिला शामली, उत्तर प्रदेश के घर में सेंध मारकर चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण चुरा लिए। वहीं, घटना के समय इदरीस उत्तर प्रदेश गया हुआ था। वहीं इदरीस ने थाना किला पुलिस को दी शिकायत में बताया कि चोर उनके घर से करीब कई लाख रूपये कीमत के चांदी से बने जेवर चोरी कर ल गए। इधर, पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शौचालय पर रेहडी वालों का कब्जा, परेशानी

**पानीपत।** पानीपत जिले के उपमंडल इसराना में एक साल से अधिक समय बीत जाने के बाद भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। तहसील कार्यालय है और एसडीएम कार्यालय सिंचाई विभाग के रेस्ट हाउस में संचालित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों और यात्रियों की सुविधा के लिए पूर्व सरपंच सुरेंद्र सिंह धोला ने मार्केट कमेटी की जमीन पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण करवाया था। इसे मार्केट कमेटी के अधिकारियों को सौंप दिया गया था, लेकिन कुछ दिन चलने के बाद पानी की कमी के कारण शौचालय बंद हो गया। वर्तमान में इस शौचालय पर सब्जी विक्रेताओं ने अवैध कब्जा कर लिया है। वे अपनी रेहड़ियां लगाते हैं और सामान रखने के लिए शौचालय का इस्तेमाल करते हैं।

### विवाहिता को सुसराल से निकाला, दी शिकायत

**पानीपत।** पानीपत में दहेज की मांग पूरी नहीं करने पर विवाहिता के सुसराल वालों ने मारपीट कर घर से निकाल दिया। वहीं पुलिस ने विवाहिता की शिकायत पर उसके पति समेत अन्य सुसराल वालों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इधर, पुलिस की जांच में महिला को जबरन घर से निकालने और उसका सामान बाहर फेंकने की वीडियो मिला है।

### पुलिस ने हुडदंग करते पांच पकड़े, कार्रवाई

**पानीपत।** जिला पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थान पर हुड़दंग करने वालों पर नकेल कसने के लिए विशेष अभियान चलाया हुआ है। अभियान के तहत रविवार को थाना औद्योगिक सेक्टर 29 व थाना तहसील कैंप पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान दो अलग अलग स्थान से पांच युवकों दीपक पुत्र राजेंद्र, सागर पुत्र रामेहर निवासी सिवाह व रविंद्र पुत्र ओमपाल निवासी सिवाह हाल सिंघाना जीन्द, अश्वनी पुत्र दर्शन निवासी असंध व विक्की पुत्र रामचंद्र निवासी राम नगर को हुड़दंग बाजी करते गिरफ्तार किया।

# हरियाणा के हक का पानी पंजाब से हर हाल में लेकर रहेंगे : आदित्य देवीलाल

- इनेलो ने पंजाब द्वारा हरियाणा के हक का पानी रोके जाने के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इनेलो की तरफ से पंजाब द्वारा हरियाणा के हक का पानी रोके जाने के विरोध में प्रदर्शन हुआ। जिसकी अध्यक्षता इनेलो के जिला प्रधान कुलदीप राठी ने की। लघु सचिवालय के सामने एकत्र हुए लोगों ने हरियाणा सरकार की कमजोर नीतियों और पंजाब सरकार के गलत कदम के कारण रोष जताया। डबवाली से इनेलो विधायक आदित्य देवीलाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह नाकाम हो चुकी है, केन्द्र में जो सरकार है वह हरियाणा का हित नहीं चाहेगी। हरियाणा का हितों हरियाणा की इनेलो ही चाहती है। पंजाब ने हरियाणा के हक का पानी भी रोक दिया है।

जिससे प्रदेश में फ सलों का नुकसान हो रहा है और पीने के पानी तक की नौबत आ गई है। प्रदेश भाजपा सरकार इस पर कोई कड़ा फैसला लेने में नाकाम है और केन्द्र सरकार इस पर हस्तक्षेप नहीं कर रही जबकि सुप्रीम कोर्ट ने भी हरियाणा के हक में फैसला दे दिया है। इससे पहले केन्द्र और पंजाब एवं हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी। तब भी उन्होंने अच्छी नीयत से यह मामला नहीं सुलझाया क्योंकि एसवाईएल के मुद्दे को कांग्रेस सुलझाने से डरती रही है। हरियाणा की आवाज इनेलो ही इस मुद्दे को मजबूती से उठाएगी ताकि हमें हमारा हक मिले इसलिए प्रधानमंत्री के नाम आज ज्ञापन दिया गया है। यदि जल्दी ही कोई समाधान नहीं होता है तो इनेलो बड़ा जनांदोलन करके सडक़ों पर उतरेगी। आंदोलन में इनेलो नेता चौधरी रणवीर देशवाल, हेमराज जागलान, राजेश झटीपुर, मनोज जोरासी, कृष्ण भोकर, डॉ नवीन नैन भालसी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


पानीपत। इनेलो व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक रणबीर देशवाल धरना स्थल के संबोधित करते हुए।

# केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के सम्मान में 136 ने किया रक्तदान

- केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के राजनीतिक जीवन पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

भारत सरकार के कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सोमवार को विधायक मनमोहन भडाना की कोठी करहंस में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 136 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन विधायक भडाना ने रिबन काटकर किया। इस मौके पर मनमोहन भडाना व कार्यकर्ताओं ने केक काटा और एक-दूसरे को केक व मिठाई खिलाकर खुशी बांटी व मनोहर लाल के दीर्घायु होने की कामना की। भडाना ने कहा पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यकाल में हरियाणा के हर वर्ग के लोगों का विकास हुआ। लाखों लोगों को बिना खर्ची व पर्ची के रोजगार व सरकारी नौकरी दी।अब वहीं काम प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है,यह सबसे बड़ा पुण्य का काम है। इस अवसर पर एसडीएम अमित कुमार, अशोक कुच्छल चेयरमैन, पीए विजय शेखर, रोशन प्रधान चुलकाना धाम, नंद लाल अरोड़ा, राजेन्द्र शर्मा हल्दाना जिला उपाध्यक्ष, सुमित जलमाना मंडल मण्डल अध्यक्ष, कुलदीप जांगडा, रेखा संजय गोयल मंडल अध्यक्ष, एडवोकेट संजय गोयल, रेणू धीमान, पार्षद मनीष बैनीवाल, विनोद पार्षद, सुरेश झंडा, राजकुमार नारायणा, आजाद पसीना, स्नेह गर्ग, अजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।


पानीपत। विधायक मनमोहन भडाना संबोधन करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# आईबी कालेज में वर्कशॉप हुई

**पानीपत।** आईबी पीजी महाविद्यालय में टैगोर समिति अंग्रेजी विभाग द्वारा क्रिएटिव राइटिंग पर आधारित एक वर्कशॉप के समापन किया गया। वर्कशॉप बच्चों के अंग्रेजी भाषा में सृजनात्मक लेखन से संबंधित ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित की गई। वर्कशाप का प्रमुख उद्देश्य केवल सूचना प्रदान करना नहीं, बल्कि लेखन, कल्पना, भाव, तर्क और चिंतन के माध्यम से अपने विचारों की अभिव्यक्ति करना सिखाना भी था। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करके किया गया। जिसमें प्राचार्य डा. शशि प्रभा मलिक, अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डा. नीलम व विभाग के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### नागरिकों का स्वास्थ्य जांचा

**पानीपत।** श्री राम सेवा दल द्वारा संचालित राजन चावला मेमोरियल डिस्पेंसरी स्थित श्री राम धर्मशाला बरसत रोड नूरवाला में एक निःशुल्क कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में फिजिशियन रोग विशेषज्ञ डा. सुनील गिरधर एवं महिला रोग विशेषज्ञ डा. हिमानी गुलयानी द्वारा 54 व्यक्तियों का स्वास्थ्य जांचा। कैंप में बीपी, शुगर व हृदय रोगियों की जांच निःशुल्क कर दवाइयां भी वितरित की गई।

### रिटायर कर्मी संघ ने बैठक की

पानीपत। रिटायर कर्मचारी संघ जिला पानीपत की कार्यकारिणी की बैठक आज जिला प्रधान शीशपाल मलिक की अध्यक्षता में हुई। मंच का संचालन वरिष्ठ उप प्रधान ईश्वर शर्मा ने किया। बैठक में सदस्यता अभियान चलाने का आवाहन किया गया। बैठक में राज्य के वरिष्ठ उप प्रधान बलवान सिंह नांदल, राज्य सचिव प्रीतम रावल, सुल्तान देशवाल, सीताराम, ईश्वर सिंह कोहड़ ,बलबीर सिंह ,कृष्ण रावल, महावीर देशवाल, ओम प्रकाश, रामकुमार, मोहर सिंह रावल, रामपाल कुंडू, मंगल सिंह व अशोक कुमार आदि ने भाग लिया।

### समाधान शिविर में जनसुनवाई की

**पानीपत।** जनता समाधान शिविर में सोमवार को जिला सचिवालय के सभागार में जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए निगम संयुक्त आयुक्त डॉ. संजय ने कहा कि अधिकारी जन समस्याओं का समाधान अपना कत्र्तव्य समझ कर करें। जिले के नागरिक समाधान शिविर में विशेष उम्मीद को लेकर पहुंच रहे हैं, उन्हे निराश ना करें।

### कार्य में रुचि ले अधिकारीः किरण

**पानीपत।** पानीपत जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉक्टर किरण सिंह ने सोमवार को कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों की बैठक ली व आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने जिले में संचालित की जा रही हरियाणा सरकार की विकास योजनाओं के बारे में भी समीक्षा की।

# युवाओं को रक्तदान को प्रेरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर एनसी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल इसराना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कालेज प्रिंसिपल मेजर जनरल डा. पीके सिंह एवं मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. एनके कालिया ने रिबन काटकर रक्तदान शिविर का उद्घाटन किया। डा. पीके सिंह ने कहा कि रक्तदान महादान होता है। इससे किसी की भी जान बचाई जा सकती है। इस अवसर पर कॉलेज डीन प्रोफेसर डॉ. निवेदिता पांडेय, ओएसडी स्टेट आफिसर कर्नल रामकुमार, प्रोफेसर डा. ईशा गुप्ता, डा. सचिन चौहान, डा. दीर्घा सिंह व सुरेश कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे । हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिवस पर एनसी मेडिकल कालेज एवं अस्पताल इसराना में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।


पीएनपी 8पी—कर्नल होशियार सिंह की जयंती पर पूर्व सैनिकों के साथ विद्यार्थी।

# परमवीर चक्र से सम्मानित कर्नल को जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**पानीपत।** पानीपत के गांव इसराना स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परमवीर चक्र से सम्मानित कर्नल होशियार सिंह दहिया की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम पूर्व सैनिक कल्याण संघ द्वारा आयोजित किया गया। वहीं, कार्यक्रम में एएम इंटरनेशनल स्कूल खरक पुनिया जिला हिसार की दो छात्राओं ने आंखों पर काली पट्टी बांधकर मेजर होशियार सिंह के जीवन पर निबंध लिखा। मुख्य अतिथि एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने छात्राओं को प्रोत्साहित किया। इधर, छात्राओं को संबोधित करते हुए एसडीएम ने बताया कि सन 1971 के भारत-पाक युद्ध में कर्नल होशियार सिंह दहिया को परमवीर चक्र प्रदान किया गया था। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं से देश के लिए समर्पित होने और अच्छा नागरिक बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम में गर्ल्स स्कूल के प्रिंसिपल रोहतास, रिटायर्ड ऑफिसर धर्मपाल जागलान सहित कई स्कूलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल नौल्था और लंदन किड्स स्कूल सांपला, रोहतक से भी प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में बाल विवाह के खिलाफ छात्रों ने शपथ ली

- विद्यालय में छात्र-छात्राओं और आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव उझा में बाल अधिकारों की सुरक्षा और बाल विवाह की रोकथाम के लिए कार्यरत संगठन एमडीडी आफ इंडिया ने चलाया जागरूकता अभियान बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए देश में नागरिक समाज संगठनों के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन के पानीपत में सहयोगी संगठन एमडीडी आफ इंडिया द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को व्यापक सफ लता मिल रही है। गौरतलब है कि जेआरसी 2030 तक देश से बाल विवाह खत्म करने के मकसद से चाइल्ड मैरिज फ्री इंडिया कैम्पेन चला रहा है। जिसके तहत उझा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं और आंगनवाड़ी केंद्रों पर महिलाओं को बाल विवाह के खिलाफ जागरूक किया गया। स्कूल में उपस्थित छात्र-छात्राओं और आंगनवाड़ी केंद्र पर महिलाओं ने बाल विवाह के खिलाफ शपथ ली।



पानीपत। बाल विवाह के खिलाफ शपथ लेते हुए राजकीय स्कूल गांव उझा के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

# प्राइवेट स्कूल संगठन ने मंत्री को ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** ऑल हरियाणा प्राइवेट स्कूल संगठन ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढाडा के निवास पर मुलाकात कर प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र वशिष्ठ ने मंत्री को स्कूलों पर हो रही वर्तमान समस्या से अवगत कराया। प्रदेश सचिव वीरेंद्र सैनी एवं वर्तमान प्राइवेट स्कूल जिलाध्यक्ष पानीपत ने शिक्षा मंत्री को आग्रह किया प्राइवेट स्कूलों को बंद न करके इनके बीच मध्यस्थता का रास्ता निकालना चाहिए। क्योंकि यह छोटे-छोटे स्कूल शिक्षा के लिए सहरानीय कार्य कर रहे है। वहीं संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष संजय दलाल ने कहा कि सरकार को इन स्कूलों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए मान्यता के नियमों का सरलीकरण करना चाहिए ताकि प्रदेश के सभी स्कूलों को स्थाई मान्यता मिल सके। इस अवसर पर संदीप अमित ,बलजीत, जय देव, हिमांशु ,मोहित ,रविंद्र, नरेंद्र ,कृष्णा, अनिल आदि स्कूल संचालक मौजूद रहे।

### स्मैक सहित तस्कर गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने सनौली रोड पर रामडा गांव के नजदीक सोनू पुत्र देवीचंद निवासी जादगान मोहल्ला कैराना शामली यूपी को 30 ग्राम स्मैक सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी सोनू के खिलाफ थाना सनौली में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।


पानीपत। पीसीसी एकेडमी के निदेशक डा. राजीव परूथी को निमंत्रण देते हुए पंडित निर्मल शास्त्री। फोटो : हरिभूमि

### जीवन में धर्म का पालन करना चाहिए-निर्मल

पानीपत। पानीप के मॉडल स्थित पीसीसी एकेडमी में चरण सेवक श्री बागेश्वर धाम सरकार पंडित निर्मल शास्त्री एवं ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सतीश गौतम ने शिरकत कर 17, 18 व 19 मई को पानीपत में हो रही श्री हनुमंत कथा बागेश्वर धाम सरकार पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री महाराज द्वारा की जाएगी। कथा में पीसीसी एकेडमी के बच्चों एवं सभी स्टाफ व निदेशक डा.राजीव परुथी को निमंत्रण पत्र दिया। डा. राजीव परुथी ने कहा कि हम सौभाग्यशाली हैं कि पानीपत की ऐतिहासिक धरती पर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज पधार रहे हैं। हमें उनका आशीर्वाद लेने का सौभाग्य प्राप्त होगा। श्री परुथी ने विश्वास दिलाया की पीसीसी अकैडमी परम पूज्य बागेश्वर धाम सरकार के साथ है। इस मौके पर शिल्पा परुथी, दीपक मदान, पलक सहगल, अंजलि, सिमरन, संजना, गरिमा आदि मौजूद रहे।


## खबर संक्षेप

### नारायणगढ़ः समस्याओं का किया समाधान

**नारायणगढ़।** उपमंडल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में एसडीएम शाश्वत सांगवान ने लोगों की समस्याएं सुनी। अधिकारियों को समस्याओं के समाधान करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन प्रत्येक सप्ताह सोमवार व वीरवार को प्रातः 10 से 12 बजे तक किया जाता है। एसडीएम ने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने में किसी भी प्रकार की कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### दो दिन लगेगी बिजली अदालत

**नारायणगढ़।** उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के कार्यकारी अभियंता हरीश कुमार गोयल ने बताया कि बिजली निगम की ओर से उपभोक्ताओं की शिकायत के



समाधान के लिए दो दिन बिजली अदालत लगाई जा रही है जिसमें प्रत्येक मंगलवार को सुबह 11:00 से दोपहर 1:00 बजे तक अंबाला शहर बलदेव नगर में अधीक्षक अभियंता उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम अंबाला के कार्यालय में बिजली अदालत लगाई जाएगी। हर गुरुवार को सुबह 11 से दोपहर 1:00 बजे तक कार्यकारी अभियंता नारायणगढ़ के कार्यालय में भी बिजली अदालत का आयोजन किया जाएगा।

### राजकीय महाविद्यालय में व्याख्यान का आयोजन

**नारायणगढ़।** राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ खुशीला के मार्गदर्शन में कार्यकारी प्राचार्य डॉ. देवेंद्र धींगड़ा की अध्यक्षता में वाणिज्य विभाग द्वारा एक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रोफेसर मनीषा अरोड़ा असिस्टेंट प्रोफेसर कॉमर्स, राजकीय महिला महाविद्यालय शहजादपुर से रही। मुख्य वक्ता ने कहा कि कैसे एक व्यक्ति म्यूच्यूअल फंड्स में निवेश से अपनी रिटर्नस को बढ़ा सकता है। मुख्य वक्ता ने विद्यार्थियों को डीमेट अकाउंट एवं म्यूच्यूअल फंड्स की भी जानकारी दी।

### केंद्रीय मंत्री के जन्मदिन पर रक्तदान शिविर में कार्यकर्ताओं ने दिखाया उत्साह

# पर्ची खर्ची के सिस्टम को मनोहर लाल ने किया था बंदः असीम गोयल

**कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल और पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान ने मुख्य रूप से शिरकत की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। रक्तदाताओं का उत्साह बढ़ाते पूर्व मंत्री असीम गोयल व अन्य।

पूर्व मुख्यमंत्री एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल का जन्मदिन भाजपा ने पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने रक्तदान शिविर लगाकर केंद्रीय मंत्री का जन्मदिन मनाया। इसी कड़ी में अंबाला शहर में भी भाजपा ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल के जन्मदिन के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

इसमें पूरे जिले से भाजपा कार्यकर्ता जोश और उत्साह के साथ रक्तदान करने पहुंचे। बता दें कि दोपहर तक इस रक्तदान शिविर में काफी संख्या में रक्तदाता रक्तदान कर चुके थे।

#### प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री असीम गोयल और पूर्व मंत्री संतोष चौहान सारवान ने मुख्य रूप से शिरकत की। पूर्व मंत्रियों ने रक्तदान कर रहे रक्तदाताओं से मुलाकात कर व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पूर्व राज्य मंत्री असीम गोयल ने कहा कि पर्ची खर्ची को खत्म करके मेरिट के आधार पर नौकरियां देने का व्यवस्था परिवर्तन केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ही किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में परिवारवाद, भाई भतीजावाद, क्षेत्रवाद का बोलबाला था लेकिन पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने आते ही हरियाणा एक हरियाणवी एक का नारा दिया। उन्होंने कहा कि मनोहर लाल खट्टर का जन्मदिन प्रेरणा दिवस के रुप में मनाया जा रहा है।

#### मनदीप ने रक्तदाताओं का आभार जताया

इस मौके पर जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने शिविर में आये सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया और कहा कि केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के जन्मदिन के अवसर पर ब्लड कैंप आयोजित करने का उद्देश्य समाज में सेवा भाव का संदेश देना था। उन्होंने कहा कि रक्तदान को महादान कहा गया है। क्योंकि यह एकमात्र ऐसी चीज़ है जिसे किसी फेक्ट्री में नहीं बनाया जा सकता। रक्तदान की अहमियत को समझते हुए सभी नागरिकों को रक्तदान अवश्य करना चाहिए।

#### यह रहे मौजूद

इस दौरान महामंत्री कर्मचंद गोल्डी सैनी, पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी, मंडल अध्यक्ष अमन सूद, गुरविंदर सिंह, गुरजंट सिंह, मनीष आंनद, धर्मबीर गुज्जर, विक्रम राणा, हरजिंदर पाल, संजीव सैनी, नीरज शर्मा, कुलदीप बड़ौला, डिंपल कृष्ण राणा, गुलशन डाबर, मेयर शैलजा सचदेवा, डिप्टी मेयर राजेश मेहता, सीनियर डिप्टी मेयर प्रतिनिधि सुंदर ढींगरा, शोभा पुनिया, मोनिका मल, बीनू गर्ग व भाजपा नेता संजीव गोयल टोनी, गुरप्रीत सिंह साहनी, जसविंदर उगाड़ा, अभय जैन, गुरजीत कश्यप व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

# भगवंत मान स्टेज संभाल सकते हैं स्टेट नहीं, ये एक्सिडेंटल पॉलिटिशियन

- पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कसा तंज, कहा माता-पिता के किए की माफी मांग रहे राहुल गांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। मीडिया से बातचीत करते पूर्व मंत्री असीम गोयल।

पूर्व मंत्री असीम गोयल ने एक बार फिर पंजाब के सीएम भगवंत मान पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश का पानी रोककर न देने की जिद पर अड़े हुए पंजाब के सीएम भगवंत मान ने नंगल डैम पर ताला लगा दिया था। एक ही बात पर अड़े हैं कि हरियाणा को एक बूंद भी पानी नहीं देंगे। उन्होंने भगवंत मान को एक्सिडेंटल राजनीतिज्ञ और कॉमेडियन बता डाला। गोयल ने कहा कि भगवंत मान एक कॉमेडियन हैं। ये स्टेज तो संभाल सकते हैं मगर स्टेट नहीं। उन्होंने कहा कि पंजाब गुरुओं की धरती है। बाणी में पानी को पिता का दर्जा दिया गया है। पानी सभी के लिए है और पंजाब छोटे भाई का पानी रोक रहा है। पंजाब के मुख्यमंत्री भाईचारा खराब कर रहे हैं। रोटी बेटी का रिश्ता है पंजाब से उसे सीएम खराब न करें।

#### देश की मजबूती बर्दाश्त नहीं कर पा रही कांग्रेस

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने एक 'खिलौना विमान' दिखाते हुए जिस पर राफेल लिखा हुआ है। उसमें नींबू-मिर्च लटकी हुई है कहा कि यह सरकार जो बहुत बातें करती है कहती है कि हम आतंकवादियों को कुचल देंगे राफेल लेकर आए, लेकिन वे अपने हैंगर में मिर्च और नींबू लटकाए हुए हैं। वे आतंकवादियों, उनका समर्थन करने वालों और उनके समर्थकों के खिलाफ कब कार्रवाई करेंगे?₹ इस पर जवाब देते हुए असीम गोयल ने कहा कांग्रेस दो ही मोड में रहती है। एक वोट कैसे हथियाई जाए और दूसरा आकाओं को खुश कैसे किया जाए। राफेल आने से सुरक्षा की दृष्टि से मजबूती मिली है। यह उसे खिलौना दर्शा रहे हैं। कांग्रेस ने हर मोर्चे पर देश को कमजोर रखा है। इनसे देश की मजबूती बर्दाश्त नहीं हो रही। इन्होंने देश को पिट्ठू बनाकर रखा इसलिए ये अंट शंट बोल रहे हैं। इस दौरान असीम गोयल ने पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी को भी आड़े हाथों लिया। 1984 के कत्लेआम पर राहुल गांधी के बयान को लेकर पूर्व मंत्री ने कहा कि पंजाब का चुनाव सिर पर है इसलिए वो ऐसे ब्यान दे रहे हैं। पश्चाताप कर रहे हैं। इनके पिता ने कहा था जब कोई बड़ा पेड़ गिरता है तो धरती हिलती है। नरसंहार को छोटा बताया गया था। राहुल गांधी आने वाले दिनों में दरबार साहिब में सेवा करते भी दिखेंगे। गोयल ने राहुल गांधी को घेरते हुए कहा कि अपने माता पिता के किए की माफी वो मांग रहे हैं लेकिन उनकी तो शादी भी नहीं हुई तो इनके किए की माफी कौन मांगेगा।

# छात्रों में पुस्तकों के प्रति प्रेम उत्पन्न करें शिक्षक

- शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यक्रम का किया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



अंबाला। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागी।

शैमफॉर्ड स्कूल में शिक्षकों के लिए एक दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में शैमरॉक और शैमफॉर्ड स्कूल के दिल्ली स्थित मुख्यालय से आई वरिष्ठ प्रशिक्षक अंजू रामपाल ने अपने तीन दशक से अधिक के शैक्षिक अनुभव को सांझा किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को इस तरह प्रशिक्षित करना था कि वे छात्रों में पुस्तकों के प्रति प्रेम उत्पन्न कर सके, साक्षरता दर को बढ़ा सके तथा पाठों के विश्लेषण के साथ-साथ बच्चों में सहानुभूति, सुनने की क्षमता और नवीन सोच जैसे गुण विकसित कर सकें।

प्रशिक्षण के दौरान अंजू रामपाल ने कहा कि समय के साथ शिक्षण प्रणाली में अनेक बदलाव आए हैं जिनका असर शिक्षकों पर भी स्पष्ट रूप से पड़ता है। उन्होंने इस सत्र में प्रभावी अध्यापक के गुण, शिक्षक-छात्र संवाद को बेहतर बनाने की कला, प्रेरणादायक शिक्षण विधियां, शिक्षा में नैतिक मूल्यों का समावेश और कौशल विकास जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि छात्रों के अधिकतम सीखने के लिए उनके आसपास के वातावरण की प्रासंगिकता को समझना आवश्यक है।

# स्ट्रीट लाइट के साथ-साथ सफाई व्यवस्था को बेहतर करें अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



अंबाला। बैठक में भाग लेते हुए सदस्य।। फोटो : हरिभूमि

नगर पालिका कार्यालय में अध्यक्ष रजत मलिक की अध्यक्षता में नगर विकास से संबंधित एक अहम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सचिव राजेश कुमार, नगरपालिका अभियंता प्रीतपाल सिंह, कनिष्ठ अभियंता भंवर सिंह सहित अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के दौरान शहर के सभी वार्डों में चल रहे एवं प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रधान रजत मलिक ने अधिकारियों को स्ट्रीट लाइट व्यवस्था को बेहतर बनाने, सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करने, नगर क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जोहड़ों और नालों की नियमित सफाई कराने तथा गलियों और नालियों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए नगर क्षेत्र में मच्छरों की रोकथाम हेतु फॉगिंग करवाने के भी आदेश दिए गए। मलिक ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य शहर का सतत और संतुलित विकास सुनिश्चित करना है। ताकि नगरवासियों को सभी आवश्यक मूलभूत सुविधाएं समय पर मिलती रहें। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि नगर पालिका आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए सदैव तत्पर है।



अंबाला। कार्यक्रम में भाग लेते स्टाफ व बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# छात्र परिषद् के सदस्यों को दी पद व कर्तव्यों की औपचारिक जिम्मेदारी

- अकाल एकेडमी होली में इन्वेस्टिचर समारोह 2025 का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

अकाल एकेडमी होली में इन्वेस्टिचर समारोह 2025 का आयोजन गर्व और उत्साह के वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

इस विशेष अवसर पर नव-निर्वाचित छात्र परिषद् के सदस्यों को उनके पद व कर्तव्यों की औपचारिक जिम्मेदारी सौंपी गई। समारोह में विद्यार्थियों ने प्रेरणादायक नारों और नेतृत्व की शपथ के माध्यम से अपने संकल्प को व्यक्त किया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों और विद्यालय प्रबंधन की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन से हुई। विद्यालय प्रांगण में अनुशासन, समर्पण और नेतृत्व की भावना से ओत-प्रोत वातावरण देखने को मिला।

प्रधानाचार्य ने अपने प्रेरक संबोधन में नव-निर्वाचित छात्र नेताओं को जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। इस समारोह का उद्देश्य छात्रों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व और आत्मविश्वास का विकास करना था। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर विद्यालय प्रबंधन व शिक्षकों ने छात्र परिषद् को शुभकामनाएं दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

# डीसी ने मुख्यमंत्री को करवाया अवगत, कहा हर शासकीय योजना का लोगों को मिल रहा है लाभ

- सामाजिक सुरक्षा से एक महीने में 913 नए पात्रों को जोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बताया कि जिला में सामाजिक सुरक्षा योजना के तहत एक अप्रैल 2025 से 30 अप्रैल 2025 तक 913 नए पात्र लाभार्थियों को जोड़ा गया हैं।

इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता के 601, विधवा एवं निराश्रित महिलाओं को पेंशन 98, दिव्यांग पेंशन 21, निराश्रित बच्चों को वित्तीय सहायता 70, स्कूल न जाने वाले दिव्यांग बच्चों को वित्तीय सहायता 02, लाडली सामाजिक सुरक्षा भत्ता 16, विधुर व अविवाहित पेंशन 87 तथा कैंसर पीड़ित व्यक्तियों को वित्तीय सहायता 18 शामिल हैं। इसके साथ-साथ मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना व ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल व पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना के तहत निर्धारित मापदंडों की अनुपालना के तहत लाभार्थियों को इसका लाभ पहुंचाने का काम किया जाएगा।

इससे पहले मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीसी के माध्यम से पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण के, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना व ई-क्षति पूर्ति पोर्टल तथा आगजनी के चलते प्रभावित किसानों की फसलों से संबधित मुआवजा राशि के पात्र लाभर्थियों को ऑनलाईन राशि स्थानांतरित करने का काम किया। इस मौके पर उनके साथ कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा व मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी व अन्य उच्च प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रदेश सरकार अंत्योदय की सोच की भावना को ध्यान में रखते हुए गरीब व्यक्ति को कैसे लाभ पहुंचाया जा सके तथा उसके परिवार को किसी परेशानी का सामना ना करना पड़े इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से उनके लिए योजनाएं लागू कर उनका लाभ पहुंचाने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के दूसरे चरण के, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना व ई-क्षतिपूर्ति पोर्टल तथा आगजनी के चलते प्रभावित किसानों की फसलों से संबंधित मुआवजा राशि के लाभार्थियों को करोड़ों रूपए की राशि ऑनलाईन प्रक्रिया के माध्यम से स्थानांतरित करने का काम किया गया है।

मौके पर नगर निगम कमिश्नर, कृषि विभाग के उपनिदेशक डॉ. जसविंद्र सैनी, समाज कल्याण विभाग से इंवेस्टिगेटर अवतार सिंह भी मौजूद रहे।

# मंडे मार्केट में बाहरी लोगों को नहीं लगाने दी दुकानें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

हिंदू जागरण मंच ने सोमवार को अंबाला कैंट की मोटर मार्केट में लगने वाले मंडे बाजार में एकजुट होकर बाहरी लोगों की दुकानों को बंद करवा दिया। मंच के पदाधिकारियों ने बाहरी लोगों के आधार कार्ड जांचे। करीब तीन स्टॉल भी बंद करवाए।

इस दौरान यहां पुलिस के जवान भी तैनात रहे। हिंदू जागरण मंच के जिला संयोजक रवि ने बताया कि अक्सर देखा जाता है कि सहारनपुर आदि शहरों से लोग आकर मंडे मार्केट बाजार में स्टॉल लगा लेते हैं। जबकि स्थानीय लोगों को यह जगह

#### हिंदू जागरण मंच ने किया विरोध

ही नहीं मिल पाती है। बाहरी लोग बिना किसी दस्तावेज के यहां आकर स्टॉल लगा रहे हैं। बता दें कि पिछले सोमवार को भी हिंदू संगठन के लोगों ने एकजुट होकर मंडे मार्केट में स्टॉल लगाने वाले बाहरी लोगों का विरोध किया था। मंच के पदाधिकारियों ने कहा कि अब यहां किसी बाहरी व्यक्ति की दुकान लगाने नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि यहां रोजगार का पहले संकट है उपर से बाहरी लोग यहां मार्केट में दुकानें सजा लेते हैं। उन्होंने बताया कि अब हर मंडे को बाजार में दस्तावेजों की जांच होगी।

**जानकारी** | जीएमएन कॉलेज में दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफल आयोजन

# मशीन लर्निंग और फॉग कंप्यूटिंग में उन्नति पर विस्तार से चर्चा

**कार्यक्रम में 60 से अधिक शोध पत्रों की प्रस्तुतियां, पैनल चर्चाएं और कार्यशालाएं शामिल हुईं**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से महादेव एजूकेशनल सोसायटी के सहयोग से दूसरे अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया। सम्मेलन में मशीन लर्निंग और फॉग कंप्यूटिंग में उन्नति पर विस्तार से चर्चा हुई। एक दिवसीय कार्यक्रम में देश और विदेश से प्रतिष्ठित शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग के पेशेवरों और छात्रों को ज्ञान का आदान-प्रदान करने और कृत्रिम बुद्धिमत्ता और अगली पीढ़ी के कंप्यूटिंग के क्षेत्र में नवाचारों का पता लगाने के लिए एक साथ लाया गया। ऑनलाइन मोड में आयोजित यह सम्मेलन मशीन लर्निंग, फॉग कंप्यूटिंग और वास्तविक दुनिया के परिदृश्यों में उनके अनुप्रयोगों में अत्याधुनिक विकास पर केंद्रित था। मुख्य वक्ताओं में विश्वविद्यालयों के प्रतिष्ठित विद्वान और प्रौद्योगिकी उद्योग के नेता शामिल थे, जिन्होंने फ़ेडरेटेड लर्निंग, एज डिवाइसों के लिए एआई और सुरक्षित फ़ॉग इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे रुझानों पर अंतर्दृष्टि साझा की। जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और विशेष रूप से स्वास्थ्य सेवा, स्वायत्त वाहनों और स्मार्ट शहरों जैसे क्षेत्रों में डेटा प्रबंधन में फॉग कंप्यूटिंग की बढ़ती प्रासंगिकता पर जोर दिया। दत्त ने कहा कि डेटा की तेजी से वृद्धि और कम-विलंबता प्रसंस्करण की आवश्यकता के साथ, मशीन लर्निंग के साथ फॉग कंप्यूटिंग भविष्य के डिजिटल बुनियादी ढांचे के लिए महत्वपूर्ण होती जा रही है। सत्र अध्यक्ष डॉ. प्रबलीन कौर ने तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देने में शैक्षणिक-उद्योग सहयोग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन ज्ञान साझा करने और नवाचार के लिए एक मंच है जो सिद्धांत और व्यवहार के बीच की खाई को पाटता है। कार्यक्रम समिति में शामिल श्याम रहेजा, डॉ. गीता कौशिक और डॉ. भारती सुजान ने इस बात पर प्रकाश डाला कि इस कार्यक्रम में 60 से अधिक शोध पत्र प्रस्तुतियां, पैनल चर्चाएं और कार्यशालाएं शामिल थीं। विषय एआई-आधारित भविष्यवाणी मॉडल से लेकर फॉग नेटवर्क में गोपनीयता-संरक्षण डेटा तकनीकों तक थे।

#### चयनित शोधपत्र प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित किए जाएंगे

चयनित शोधपत्र एक प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल में प्रकाशित किए जाएंगे जिससे प्रतिभागियों को उनके शोध के लिए एक वैश्विक मंच मिलेगा। सम्मेलन का समापन डॉ. प्रबलीन कौर द्वारा प्रस्तुत समापन सत्र के साथ हुआ जिसमें उत्कृष्ट शोधपत्रों और योगदानकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। आयोजकों ने ब्लॉकचेन, क्वांटम कंप्यूटिंग और एथिकल एआई को शामिल करने के लिए अगले साल के सम्मेलन का दायरा बढ़ाने की योजना की घोषणा की।

# मेमोरी इंप्रूवमेंट के दिए टिप्स

शहजादपुर। राजकीय महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. उमेश भारती की अध्यक्षता में गाइडेंस एंड काउंसलिंग सैल की अध्यक्षा डॉ. नंदिनी मौदगिल द्वारा टिप्स फॉर मेमोरी इंप्रूवमेंट विषय पर एक व्याख्यान करवाया गया। इसमें डॉक्टर नंदिनी ने स्वयं बच्चों को बड़े सरल और रोचक तरीके से स्मृति बढ़ाने हेतु बहुत सारी बातें बताई। मनोवैज्ञानिक एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को स्मृति बढ़ाने के तरीकों से अवगत करवाया। प्राचार्य डॉक्टर उमेश भारती ने बच्चों को अपने समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों से कहा कि जो समय हमारा व्यर्थ में चला जाता है वह वापस नहीं आता। बाद सिर्फ हमें पछतावा ही होता है । इस के लिए हमें टाइम मैनेजमेंट का पालन करना चाहिए।